<u>विधानसभा / महत्वपूर्ण</u>

# कार्यालय संचालक
## संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email-dirfood.cg@nic.in, website-www.khadya.cg.nic.in)

क्रमांक 205 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 17/2/2026

प्रति,

1. **समस्त कलेक्टर,**
छत्तीसगढ़

2. **प्रबंध संचालक,**
छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ,
मर्या. अटल नगर, नवा रायपुर,

3. **प्रबंध संचालक,**
अपेक्स बैंक,
अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग.

**विषय :– विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1021 तारांकित द्वारा श्री अजय चंद्राकर, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

––––00––––

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1021 तारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 19.02.2026** तक ई–मेल (dirfood.cg@nic.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 206 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 17/2/2026

**प्रतिलिपि :–**

समस्त खाद्य नियंत्रक / खाद्य अधिकारी, छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

## प्रश्न

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **27/02/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **09/03/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **धान खरीदी अंतर्गत किसानों का पंजीयन व धान खरीदी का लक्ष्य**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **1021** ) **श्रीअजय चंद्राकर**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) खरीफ वर्ष 2025-26 धान खरीदी अंतर्गत कितने किसानों का पंजीयन किया गया तथा कितने किसान, किन-किन कारणों से पंजीयन नहीं कर पाये? और कितने पंजीकृत किसान पूरा धान नही बेच पाय कितने किसान पंजीयन कर टोकन कटने के उपरांत भी धान नहीं बेच पाये? कितने किसान इस खरीफ वर्ष में धान नहीं बेच पाये व नही बेच पाने के कारण व दोषी कौन हैं तथा उनके ऊपर क्या-क्या कार्यवाही अब तक की गयी? (ख) उक्त खरीफ वर्ष में राज्य सरकार द्वारा कितने रकबा में धान खरीदी का निर्धारण किया गया था तथा धान खरीदी का लक्ष्य कितना था? लक्ष्य निर्धारण की प्रक्रिया क्या है तथा लक्ष्य निर्धारण किस स्तर के अधिकारियों द्वारा किया जाता है? लक्ष्य के अनुरूप दिनांक 5 फरवरी, 2026 की स्थिति में कितनी मात्रा में धान खरीदी की गयी और लक्ष्य के अनुरूप धान की खरीदी कम हुई तो उसके कारण क्या हैं व दोषी कौन हैं?

**Sent From :** vidhan | **Sent Date :** 17/02/2026 02:08:49 |

**Remark :**